# प्रसार भारती
## (भारत का लोक सेवा प्रसारक)
## समाचार सेवा प्रभाग : आकाशवाणी :नई दिल्ली

संख्या 8(9)2015 जी. दिनांक: 9.04.2019

विषय : प्रसार भारती(भा.लो.से.प्र.), महानिदेशक(स.) समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी नई दिल्ली की पत्रिका **'आकाशवाणी समाचार भारती'** की छपाई के लिए निविदा आमंत्रण सूचना(एनआईटी)।

महोदय,

आप उपरोक्त विषय पर निम्नलिखित के सदंर्भ में अपनी निविदा(टेंडर) प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. निबंधन और शर्तें टेंडर के लिए नियामक निबंधन एवं शर्तें इस प्रकार हैं:
2. टेंडर कमरा नं. 224, द्वितीय तल, नव प्रसारण भवन, समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, नई दिल्ली में अधोहस्ताक्षरी के पास दिनांक 07.05.2019 को 14.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। टेंडर 07.05.2019 को 15.00 बजे खोला जाएगा। आप टेंडर खुलने के समय उपस्थित हो सकते हैं। दिनांक 07.05.2019 को 14.00 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंचने वाले टेंडरों पर बिलकुल भी विचार नहीं किया जाएगा।
3. रूपए 3000/–(तीन हजार मात्र) की अग्रिम राशि (ई एम डी) टेंडर के साथ डिमांड ड्राफ्ट के रूप में पी बी(आई पी एस बी) डी.जी.(न्यूज़) समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, नई दिल्ली को देय करनी होगी। अग्रिम राशि रहित टेंडर पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. महानिदेशक(स.)आकाशवाणी नई दिल्ली के पास अधिकार है कि वे एक से अधिक निविदाकर्ताओं/फर्म को आवश्यकतानुसार/समयानुसार अनुबंध दे (award) सकते हैं।
5. प्रसार भारती (भ.लो.से.प्र.) महानिदेशक(स.) समाचार सेवा प्रभाग आकाशवाणी के पास अधिकार है कि वो बिना कोई कारण बताए कोई एक या सभी निविदाओं को रद्द कर सकते हैं।
6. बोली कर्ताओं की छपी हुई निबंधन एवं शर्तों को उनकी बोली का हिस्सा नहीं माना जाएगा।
7. ऐसे निविदा करार, जिन्हें मिटाया गया हो या फिर उन पर दोबारा लिखाई की गई हो पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. यह अनुबंध निबंधन एवं शर्तों के अनुसार पहले एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा और बाद में इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।
9. छपाई के मदों का विवरण इस प्रकार है:–

## 'आकाशवाणी समाचार भारती' के प्रकाशन के लिए विनिर्देश (स्पेसिफ़िकेशन्स)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | कार्य का विवरण | – | "आकाशवाणी समाचार भारती" का प्रकाशन |
| (2) | भाषा | – | हिन्दी |
| (3) | अवधि | – | वार्षिक |
| (4) | प्रतियों की संख्या | – | छः सौ प्रतियां |
| (5) | आकार | – | 11 इंच X 8.25 इंच |
| (6) | छपाई | – | ऑफ़ सैट (Four colour printing All pages cover with Lamination) |
| (7) | कार्य का विवरण | – | कुल पृष्ठ–(1) 68 (मूलपाठ) inner टैक्सट 4 cover.<br>(2) आवरण(1) रंगीन (मुख्य पृष्ठ डिज़ाइन के साथ) बैक इनसाइड और आउट साइड कवर पर रंगीन चित्र |
| (8) | सिलाई | – | मध्य भाग में दो स्थानों पर Steple से। |
| (9) | कागज़ | – | प्रैस को अपना लगाना होगा।<br>❖ मूल पाठ हेतु 90 G.S.M. Art paper<br>❖ कवर के लिए 210 G.S.M.Art paper |

(10) रंगीन पत्रिका में लगभग 50 चित्र भी छापने होंगे। इसके लिए अलग से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

(11) पत्रिका की फाइनल रंगीन डमी करेक्शन के लिए देनी होगी तथा फाइनल डमी पर करेक्शन के पश्चात 15 दिन में पत्रिका देनी होगी।

(12) पूरी मैगज़ीन की साफ्ट कॉपी HTML Format में उपलब्ध करानी होगी ताकि हम अपनी Website पर डाल सकें।

(13) 4 पृष्ठ कम या अधिक छपाई किए जाने के लिए भी आने वाले खर्च के रेट का कोटेशन अपने टेंडर के साथ अलग से उल्लेख करें।

(14) पिछले तीन वर्ष की आयकर विवरणी दें।

(15) कागज़ का नमूना कोटेशन के साथ भेजना होगा।

(16) टेंडरकर्ता यह भी जानकारी दें कि उनकी अपनी प्रिंटिंग प्रैस है या नहीं।

नोट– अंतिम लागत पत्रिका के पृष्ठों एवं चित्रों के कम या अधिक होने पर निर्भर करेगी।